# पश्चिम मध्य रेल कोटा वर्कशॉप ने जुलाई माह में सर्वाधिक 700 वैगनों की मरम्मत कर रचा इतिहास

जबलपुर 31 जुलाई। पश्चिम मध्य रेल के कोटा स्थित रेल कारखाने में वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार के निर्देशन और प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता का विशेष योगदान तथा मुख्य कारखाना इंजीनियर (CWE) एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक (CWM) की सतत निगरानी में पश्चिम मध्य रेल के माल डिब्बा मरम्मत कारख़ाना कोटा ने जुलाई 2025 माह में 700 वैगनों की मरम्मत कर अपने इतिहास का सर्वाधिक मासिक आउटटर्न प्राप्त किया है, जो कारखाने की स्थापना के बाद से अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। इससे पूर्व मई 2024 में माल डिब्बा मरम्मत कारख़ाना कोटा ने 662 वैगनों की मरम्मत कर उस समय का अपना सर्वाधिक आउटटर्न प्राप्त किया था। वर्तमान में कारखाने के लिए मासिक लक्ष्य 600 वैगन निर्धारित है, जिसके मुकाबले इस वर्ष जुलाई में प्राप्त 700 वैगनों का आंकड़ा एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

माल डिब्बा मरम्मत कारख़ाना कोटा में भारतीय रेल द्वारा संचालित सभी प्रकार के वैगनों के पीरियाडिक ओवरहालिंग (POH) एवं नॉन-पीरियाडिक ओवरहालिंग (NPOH) का कार्य किया जाता है।

मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री सुधीर सरवरिया ने इस उपलब्धि को कारखाना टीम के सुनियोजित प्रयासों और समर्पित कार्यशैली का परिणाम बताया। इस अभूतपूर्व प्रदर्शन में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (प्रथम) दिलीप सिंह मीना, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (द्वितीय) पुरुषोत्तम मीना, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक जी.के. मीना, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी भंवर सिंह, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक सुबोध हांडे, सहायक कार्मिक अधिकारी सी. एल. बैरवा, सहायक निर्माण प्रबंधक अंकित तिवारी, चरत लाल मीना एवं नीरज खरे, समस्त शॉप प्रभारी, समस्त पर्यवेक्षकों एवं समस्त कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही।

मुख्य कारखाना प्रबंधक ने इस रिकॉर्ड आउटटर्न के लिए कारखाने के समस्त अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों तथा कर्मचारियों को इस विशेष उपलब्धि हासिल करने पर हार्दिक बधाई दी।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/263/2025 दिनांक 31.07.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर